इसलिए अपनी पुस्तक (being and time) में वह कहीं पर भी मनुष्य शब्द का प्रयोग नहीं करता बल्कि भूतत्र (being there) का करता है। भूतत्र अर्थात् भू का तत्रस्थ रूप। तत्र एक काल विशेष या स्थान विशेष का अर्थ देता है। दूसरे शब्दों में यह क्षेत्र भू का निवास-स्थान (dwelling) है। इस प्रकार भूतत्र में भू संयुक्त है और साथ ही साथ भूतत्र (मानव) भू के प्राकट्य (openness) में स्थित है। भूतत्र भू से सारतः (essentially) सुग्रथित है क्योंकि उसका सार उसके अस्तित्व (अतिक्रमणशीलता) में ही निहित है।०
यहाँ एक बात ध्यातव्य है कि भू भूतत्र में स्थित होते हुए भी विच्छिन्न रहता है इसके द्वारा समाप्त नहीं हो जाता और न वह भूतत्र के तद्रूप होता है। भूतत्र का अस्तित्व भू का एक रूपविधा (mode) मात्र है।

भूतत्र विश्वस्थ भू है। इस शब्द पर थोड़ा और विचार करें। इन्दिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री है। इन्दिरा गांधी नाम क्या दर्शाता है ? या

---

* Actuality is prior to potentiality

+ Actuality is constituted by potentiality

० The essence of Dasein lies in its existence Being and Time

मन है ? यदि यह शरीर ना है तो दूसरा शरीर इन्दिरा गाधी क्या नहीं है ? यदि शरीर की विशेषता (आकार प्रकार रूप-कुरूप आदि) इन्दिरा गाधी है तो ऐसा ही दूसरा शरीर यदि हो तो क्या वह इन्दिरा गाधी होगा ? स्पष्ट है कि नाम शरीर का आरोपण अवश्य करता है पर शरीर नहीं है। तो क्या यह अन्त करण है-एक विशेष अन्त करण ? अन्त करण का नाम इन्दिरा गाधी नहीं हो सकता क्योकि वह अन्त होने के कारण या प्रच्छन्न होने से विशिष्ट सत्ता का नामा के अज्ञात होता है। नाम व्यक्ति का होता है व्यक्ति जो स्वयमात है। स्पष्ट है कि इन्दिरा गाधी न एकाकित रूप से शरीर है और न अन्त करण फिर भी इस नाम से दोनो समाहित है। इन दोनो के समाहार मे एक क्षेत्रविशेष निहित है। इन्दिरा गाधी का अस्तित्व है जो क्षेत्ररूप है अर्थात् किसकी बेटी है किसीकी पत्नी है कहा पर काम करती है कुछ भी हो सकती है आदि आदि। इस अस्तित्व मे शरीर (object) और अन्त करण (subject) दोनो एकान्वित है भू-रूप है। प्रधानमत्रीत्व और भाग्य भी उसी क्षेत्र की ओर इंगित करते हैं। फलत भूतत्र भू का अभिव्यक्त (overt) रूप है जो शरीर की सीमा मे आबद्ध है और भू होने के कारण अतिक्रमण शील प्रकट और आविर्भूत होनेवाला अर्थात् अस्तित्व है। यह अस्तित्व चूकि शरीर एव अन्त करण से समन्वित है इस लिए नश्वर या अनित्य है। इसलिए नश्वरता या अनित्यता भी भूतत्र का निर्माणक तत्त्व है।

भूतत्र अर्थात् मनुष्य इस प्रकार भवस्थ (being in the world) है। उसके तीन परस्पर सम्बद्ध रूप हैं-(१) तथ्यता (facticity) (२) अस्तित्वता (existentiality) और (३) च्युति (forfeiture)। ये तीनो प्रकार मनुष्य की मूलभूत सामित और अनित्य स्थिति मे प्रादुर्भूत होते हैं।

प्रस्तुत भव तथ्यता है। मनुष्य भव मे रहता है। भव मे स्थित भूत वस्तु और अन्य परस्पर सम्बद्ध हैं। जन्म के समय मनुष्य स्वय को इस भव मे पाता है। इसका चुनाव वह स्वय नहीं करता। इसी भव मे वह अब उद्यम करता है। मनुष्य भव की एकालक वस्तुओ का एक भाग है। फलत तात्त्विक दृष्टि से यह भी वस्तु उसकी नहीं है मेरा नहीं है। यह भव इस रूप मे सन्दिग्ध (contingent) है इसमे घटित घटनाओ के सधान और उपलब्धियो को इसी सन्दिग्ध रूप मे मनुष्य को स्वीकार करना पड़ता है। यहा

भूरन या मनुष्य की तरपना है। मैं अपने भर म-देनरात म-रना हूं किन्तु यह तब तक मग नही होगा जब तक कि मैं प्रतिना (a ert) नहीं करता इस अपनाता हूं। पतिना करने ही यह भर मेरा हो जायगा। म इसम मानता अ र इसम कर म सहित पूर्णत मेरा अपना। स्पष्ट है कि यह भर वना ना (ताय त तर) भर वैसा है जैसा हम साधारण भाषा म शास्पीयर के ससार (World of Shakespeare) म प्रयुक्त करते हैं। शेक्सपियर यहां उसका किन किन का उल्लेख करता है। उसका भर ससार और उसकी रुचि का उसम प्रकट होता है।

इस भर का अपनाने का काम मनुष्य अस्तित्वता के द्वारा करता है। भर ता तब तभी अपना बना सकेगा जब वह प्रस्तुत भर और वस्तुओं से आगे बढ़ (surpass) उसका अतिक्रमण (transcend) कर और साथ ही साथ उसका भी। तभी वह इस अपना रूप (design) दे सकता है। इस तरह यह सतत नवीकृत होता और अग्रसर होता रहता है। इस गति म वह भर और भविष्य भरा (वस्तुओं) का नवीन अर्थ दिया जाता है उसके इस भर म ऐसी घटना दी जाती है जिसका अनुमान न तो लगाया जा सकता था जिसका पूर्व कथन (prediction) नहीं किया जा सकता। इतना मनुष्य का प्रश्न तथ्या का उपयोग कर उनम अधिक नया रचता है। यह अस्तित्वता भी मनुष्य की भरता का तत्परता म ही है और पूरा भूत आविर्भाव (emergence) रूप म मनुष्य का काम है।

करता है ? इसके लिए मनुष्य के स्वभाव अस्तित्व विधा (mode of existence) और भूत में उसके सम्बन्धों का विवेचन आवश्यक है।

जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है मनुष्य एक सम्भावना है। वह स्वातीत अग्रिम भू (being in advance of himself) है। इसलिए उसे एकाधिक सम्भावनाओं में चुनाव करना पड़ता है और चूंकि यह चुनाव अन्तिम नहीं होता इसलिए यह अनिश्चित है। उसे सतत अतिक्रमणशील रहना पड़ता है। यह अतिक्रमणशीलता पर आधारित सम्भावनाओं का चुनाव भव में ही घटित होता है, अन्यत्र में नहीं। इसलिए उसके अस्तित्व की एक विधा है और उस विधा का एक विधान या ढांचा (structure) भी है—वह है भवस्थ भू (being in the world) अर्थात् भव में उसका अस्तित्व। उसका भू इस भवस्थता के द्वारा निर्मित है। फलतः वह भव के भूतों (beings) से अर्थात् वस्तु और अन्य मनुष्यों से—घनिष्ठतः सम्बद्ध है। वह उनसे निरपेक्ष नहीं रह सकता। भूत-सम्बद्ध कार्य उद्देश्य चिन्ताएं प्रयत्न—ये सब उसके अस्तित्व के आधार हैं। उसकी निजी भव उसकी संलग्नता और चिन्ता का भव है निरपेक्ष वस्तुओं का नहीं। इस भव की वस्तुएं मनुष्य के लिए उपयोगी (ready to hand) हैं। ये वस्तुएं भी अपने सम्बन्धों से निर्मित एक भव में स्थित हैं। मेज का कुर्सी से उस पर रखे कागज आदि से सम्बन्ध है। इस प्रकार वस्तु की सत्ता भी उसके संदर्भों और सम्बन्धों से निर्मित है वस्तु का एक अपना संसार है जो मनुष्य (भूतत्र) के सम्मुख प्रकट होता है या मनुष्य उसे प्रकाशित (luminate) करता है। मनुष्य का भव इन सम्बन्धों की व्यवस्था से बद्ध है किन्तु उसका अस्तित्व सम्भावनाओं की ओर अनियामत प्रेरित और क्रियाशील है। अपनी समान्य योजनाओं (projects) को परिणत करने के लिए मनुष्य इन वस्तुओं का उपकरण के रूप में प्रयोग करता है। इस तरह प्रत्येक भव को मनुष्य अपनी सामर्थ्य के अस्तित्व के अनुसार पुनर्व्यवस्थित या पुनर्निर्मित करता है अर्थात् अर्थ देता है। स्पष्ट है कि यह भव वैज्ञानिक अथवा प्रकृतिवादी दर्शन के भौतिक भव (physical world) से पूर्णतः भिन्न है। पश्चिम के लिए बिल्कुल नवीन और आश्चर्य पूर्ण है। भारतीय के लिए शायद यह उतना अचरज भरा नहीं है। यहां भव को भव-सागर माना जाता रहा है।

वैज्ञानिक भव की वस्तुओं को प्रत्यक्ष विषय (vorhandene) के रूप में गृहीत करता है जबकि मनुष्य उनको उपकरण के रूप में। इनमें विरोध नहीं

है किन्तु जीवन की दृष्टि से वैज्ञानिक का जगत एकांगिक और जीवन रहित होता है इसलिए उसको और भू का आवरणगत रूप बतलाया जाता है।

मनुष्य की इस मनुष्य सत्ता का सम्बन्ध दूसरे व्यक्तियों से भी होता है। अस्तित्व यह दूसरों के साथ (being with others) अथवा सह भू भी है। सह भूत भी उसकी सत्ता का निर्माणक तत्त्व है। मनुष्य की सत्ता सामान्य है सम्बद्ध है इसलिए परस्पर आश्रित है। नेता का अर्थ है पार्टी, प्रजा और राजनीति और पार्टी भी नेता, प्रजा और राजनीति से संयुक्त है। इसलिए मनुष्य वस्तुओं को उपकरण या साधन बनाता, दूसरे व्यक्तियों से भी सम्भावना की सम्पूर्ति में सहायता लेता है। हाइडेगर का मनुष्य विषयीगत (subjective) एकान्तिक और यथार्थ से विच्छिन्न नहीं है। वह सब तरह व्यक्तिगत जीवन के यथार्थ में डूबा हुआ है उसमें संयुक्त या उसी निमित्त है। देकार्त का आत्मनिष्ठ चेतना विशिष्ट "मैं सोचता हूँ अतः मैं हूँ" के एक पक्षीय मानव से सर्वथा भिन्न है। यदि साधारण जन है तो प्रामाणिक बनकर असाधारण होता है। हाइडेगर इस प्रकार मनुष्य विचार को धरती पर मस्तक पर ला खड़ा करता है।

मनुष्य इस तरह से सम्बद्ध है इसलिए सामाजिक सम्बन्ध उसकी सत्ता के लिए अनिवार्य है। वह इनके उत्तरदायित्व से प्रामाणिक रूप से बच नहीं सकता। जब वह इनसे बचने की कोशिश करता है (जो प्राय लोग करते हैं) तो वह मनुष्य न रहकर व्यक्तित्वहीन "सर्व" (impersonal one=das man) हो जाता है भू का बुरा होता है और समाज प्रचलित और प्रचलित सभी रीति रिवाजों का उपकरण बन जाता है। उसका मूल्य न स्वाभाविक स्थिति का होता है और वह विषयीकृत (objectified) हो जाता है। मनुष्य में उत्तरदायित्व से बचकर इस अप्रामाणिक रूप में परिवर्तित होने की प्रवृत्ति गुणसाधारण वृत्ति है यह उसकी सत्ता की प्रकृति है। मनुष्य स्वयं को एक वस्तु या सम्भावना रूप में समझता है और अतिक्रमण या चुनाव की उपेक्षा करता है। सत्ता से ... गिरना हो जाता है। हाइडेगर इस पतन को सत्ता का ... कहता है क्योंकि मनुष्य भूतानुगत है। किन्तु मनुष्य इस स्थिति का ... रूप (modify) करता है उसका अतिक्रमण करता है उसे ... कहते हैं।

मनुष्य अस्तित्व के ... में ... पुनरुद्धार और

नया अर्थ प्रदान करता है—अपनी सम्भावनाओं के सन्दर्भ में उनके अनुरूप। यह अर्थ गत व्यावहारिक न होकर अस्तित्वपरक होता है। भय का बोध उसे भय में स्वयं के अवनिधान और सीमितता से उपजता है। इसलिए उसको अपने को प्रयत्न और त्याग में निरन्तरता के साथ इस भय का सामना करना पड़ता है। इस प्रक्रिया में वह अर्थ ग्रहण करता है। इस मार्ग तथा समर्पित अर्थ प्राप्ति के लिए विज्ञान के भौतिक नियमों को भी इस मानवीय सम्भावनाओं के प्रकाश में पुनर्संस्कार करना होता है।

ऐसी परिस्थिति में उसके सामने प्रामाणिक और अप्रामाणिक जीवन के रूप प्रकट होते हैं। अप्रामाणिक जीवन में वह वस्तु (thing) या भूत बन सकता है जबकि प्रामाणिक जीवन अंगीकार कर वह सच्ची सत्ता—मूल्य सत्ता स्वीकार कर सकता है। इस स्थिति में चुनाव अनिवार्य है। अप्रामाणिक जीवन में वह स्वीकृत प्रदत्त स्तर पर विचार और कार्य करता रहता है। वह दैनिक सुख दुःख में तल्लीन हो जाता है एक बाहरी अनाम उपस्थिति में शामिल होता हुआ उसी को सुख दुःख सफलता असफलता के लिए उत्तरदायी मानने लगता है। यह समूह जीवन है जो भय से मुक्त होने के कारण अत्यधिक उचित प्रतीत होता है। सब ऐसा करते हैं की गैरजिम्मेदाराना दृष्टि ही अप्रामाणिक जीवन का परिचायक है। हाइडेगर इसे पतन मानता है मनुष्य की च्युति मानता है। क्योंकि इसके द्वारा मनुष्य अपनी सत्तागत सम्भावनाओं से वियुक्त हो जाता है और अपने निस्सार अस्तित्व का दास बन जाता है। इस प्रकार वह स्व निर्मित समाज्य सत्य—मूल्य अनाम भीड़ रह जाता है।

सत्य से अभिव्यक्त वस्तु के प्रति वह भीड़ उसमें संत्रास उत्पन्न करती है एवं पाप भावना उपजाता है। वह अपने सत्य और सम्भावना से अलग भागता है, क्योंकि उसे ऐसा महसूस होता है कि उसका यह सत्य ऐसा है जो इसकी वस्तुगत स्थिति स्व पक्षधरता और समूहगत रमणता को विशृंखल कर देगा। यह वास्तविक विपत्ति है क्योंकि वह सत्य (सम्भावना) निश्चित रूप से उसकी और अनिवार्य (unique) सत्ता का—सम्भावना स्वत्व व्यक्तिगत होता। समूह और वस्तु से टूटने का आभास उसमें संत्रास उत्पन्न करता है तो दूसरी ओर सत्य से च्युत होने की अनुभूति भी इस संत्रास का कारण है। इसलिए संत्रास सामान्य भय नहीं है। भय किसी विशिष्ट वस्तु से उपजता है, जबकि इस संत्रास का कोई निश्चित उत्पादक विषय नहीं होता। यह संत्रास सर्जनात्मक

ग्रोर विनाशात्मक किया है। यदि व्यक्ति न्या भयभीत हो जाता है तो वह मत्यु की ग्रोर भागता है वस्तुगत हो जाता है ग्रौर परिणाम स्वरूप स्व गत्य में विघटित न हो जाता है जबकि व यदि इसका सामना कर सका है तो वह स्व गत्य की पूर्ति की ओर उन्मुख हो प्रामाणिक प्राणी हो जाता है। यह त्रासा मनुष्य को इस पथ में स्वतन्त्र बनाता है। वह भय का साक्षात्कार करता है उसे स्वीकार करने या ग्रस्वीकार करने का चुनाव मानिजय चानि वाय है।

मानव ग्रस्तित्व के चिन्ता (orge) गम्भीर स्तर में वह परिस्थिति पूरा तरह लक्षित होता है। भूतत्व (मानव ग्रस्तित्व) यन्त्र हो वस्तुवत् भूयमान भू है इसलिए भविष्य में सम्मिलित हो ... है किन्तु साथ ही साथ यह न या भूत में सम्बद्ध भी है। चिन्ता में यह तत्त्व लक्षित है। चिन्ता के प्रागमन तीन तरह है। प्रथमत व्यक्ति की सत्ता स्वाभिमुख पूरक है वह जो है मानता है बल्कि वह जो होगा सो है ग्रर्थात् यह भूत नहीं है भूयमान है सम्भाव्य है। इसलिए स्वरूपत वह स्वातीत है कुछ नया होने वाला है जो ग्रब नहीं है। उस ग्रागन्तुक या भव्य के लिए उसका उपलब्धि के लिए भावना चिन्ता है। दूसरा ग्रोर चिन्ता व्यक्ति की पूर्वप्रश्न भव में उपस्थिति ग्रौर भव में स्व गत्य को स्पष्ट बनाने की ग्राकुलता को भी समाहित किये हुए है। ग्रौर ग्रन्तिम रूप में चिन्ता के द्वारा मनुष्य के भवगत सम्बन्ध ग्रौर काय तज्जन्य प्रभाव या भावना भी लक्षित होती है। इस तरह चिन्ता मनुष्य की वर्तमान भूत ग्रौर भविष्य की गत क्रियाग्रों का समन्वय हुग्रा है।

ग्रब मनुष्य की व्यक्तिगत सत्ता की सम्भाव्यता को समझना जरूरी है। सम्भाव्यता है यहा इसलिए यह ग्रनन्त ग्रौर ग्रपूर्ण है। सान्तता ग्रौर पूर्णता ग्रप्राप्य ही रहता है। मृत्यु के आगमन से सब सम्भावनाग्रों का हरण हो जाता है। किन्तु मृत्यु भी तो सम्भावना है। जन्म होता है फलत मौत ग्राती है। इस सम्भाव्य मौत का सेवन मनुष्य प्रारम्भ से ही करता है। वस्तुत मृत्यु उसकी सत्ता में ही समाहित है उसे हटाया नहीं जा सकता। इसे प्रामाणिक रूप में स्वीकार करना ग्रावश्यक है। व्यक्ति मरता है इसका ग्रर्थ है कि मृत्यु एक ऐसी सत्तागत सम्भावना है जो ग्रन्य सम्भावनाग्रों का हरण ही नहीं करती बल्कि उनकी नश्वरता ग्रौर ग्रनिश्चितता भी सिद्ध करती है। मनुष्य शून्य (जन्म से पूर्व शून्य है—मनुष्य के लिए) से पैदा होता है ग्रौर शून्य (मृत्यु) में विलीन हो

जाना है। मत्यु म नावन या मत्ता की ग्रमत्ता सभव हानी है ग्रर्थात मृत्यु शून्य (nothing) हान की सभावना है जा व्यक्तिगत मत्ता म ही समाहित है। मत्रास वा स्थिति म मनुष्य वा यह प्रतात हाता है कि वह मत्य है, उसका ग्रविभाव तिरोभाव (मत्यु) व लिए है। य' तथ्य उमक दनिक काय-व्यापारा म या व्यक्तिगत जावन-यापन म दवा छिपा रहना है।

मृत्यु मनुष्य को प्रामाणिक जीवन यापन का परिचय ही न' वरवानी उस उम जावन म सक्रिय भी करती है। व्यक्ति मत्व मत्यु व ग्राभाम म रहता है। मौत कभी भी ग्रा सकती है। उसका ग्राना जावन की सब वस्तुग्रा-धन श्री राग द्वेष ग्रधिकार वमव ग्रादि वा नश्वर निरथक ग्रौर निराधार बना दगा। इस तरह जीवन म मौत का स्वीकार वस्तुग्रा को सच्च रूप म प्रकट करेगा उनका ग्रवमूल्यन करगा। धन ग्रधिकार राग' प ग्रादि का समू'गत शून्य रू' हो जायगा उनकी निरथकता ग्रमत्यता ग्रस्थिरता नश्वरता व प्राक'य स उनकी 'यक्ति की दृष्टि म कीमत भी घट जायगी। एसी मौत को व्यक्ति या तो स्वीकार कर या भुलाय-यह चुनाव उसे करना है। सामा'यत समूह-व्यक्ति 'स भुलाना है ग्रप्रामाणिक जावन का चुनाव करता है ग्रौर भ्रमों म ग्रनस्तित्व म जीना है। मृत्यु का चुनाव उसका वरण मनुष्य का दनिक जीवन व प्रति पराङ्मुख विरक्त या उ'ासीन नहीं बनायगा बल्कि उसम एक तटस्थ भाव या स्थितप्रज्ञता उत्'न करगा जिसम वह दनिक जावन व व्यापारा से ठगा न'ीं जायगा ग्रौर स्व का तद्रूप नहीं करगा। वह सीमित साथकता क साथ उन्ह स्वीकार करगा। 'स तात्पय म उसक जावन म ग्रात्मशान्ति सद् भाव ग्रौर सहिष्णुता उत्'न हागा। (मत्यु का सम्ब'य नास्तित्व म है उसका विवचन ग्राग हागा।)

जीवन की 'स प्रामाणिकता का प्रेरित करन वाला शक्ति व्यक्ति का मत्ता म ही स्थित ग्रन करण (conscience) है जा चुनाव क लिए बाध्य करता है ग्रौर उसक 'यवहार का मूल्याक' करता है। यह ग्रप्रामाणिक हान पर उस धिक्कारता है जबकि प्रामाणिक बनाकर उस नश्वरता को पहचानने ग्रौर उस म रहन की ग्रनिवायता उद्घाटित करता है। य' ग्रन करण पूव चचित चिन्ता क वियान म 'ी है। य' समाश्रय भू है जो सभव (निर्मित) भू (दनिक भूत जगत म त'्प) का उद्बोधन करता है। 'स भू की प्रेरणा स मनुष्य (भूतत्र) अपनी सभावित नश्वरता का स्वीकार करता है। नश्वरता क साथ (ग्रपूणता)

सार्त्र ने दर्शन का समाजपरक प्रा अन्य (other) की धारणा पर आधारित है। हीगल आदि के परम्परागत दर्शन में अन्य को बोध का एक विषय (object of perception) समझा जाता रहा है विषयी नहीं। सार्त्र इस अस्तित्वगत सन्दर्भ में स्थित करता है और इसे विषयी (subject) भी मानता है। चेतनाओं की अनेकता सार्त्र दर्शन में स्वीकृत हुई है। इसलिए अन्य चेतना की सत्ता सत्ताविज्ञानगत (ontological) है। अन्य व्यक्ति स्वयं एवं अपने वस्तुगत और आन्तरिक विश्व का निर्माण करता है जिससे मेरे विश्व का खण्डन होता है। वह मेरे विश्व को चुरा लेता है फिर भी मेरे विश्व का विषय रहता है। सार्त्र इसे मेरे विश्व में एक छेद कहता है। अन्य मेरी ओर देखता है। इसी देखने के द्वारा स्वयं को मेरे विरुद्ध एक विषयी के रूप में निर्मित कर लेता है। तथा मुझे वह विषय बना लेता है। कान्त लज्जा (shame) व्यक्ति में अन्य के द्वारा ही उत्पन्न होती है। वह अपनी दृष्टि (look) के माध्यम से मेरा अतिक्रमण करता है अर्थात् उसकी सम्भावनाएं मेरी सम्भावनाओं के पार जाती हैं। इस तरह मन्व अन्य के द्वारा मेरा अवरोध होता रहता है मैं अपनी परिस्थिति का स्वामी नहीं रहता। अन्य की दृष्टि मुझे उसके संसार या देश (space) में व्यवस्थित करती है स्थित करती है। इसके अतिरिक्त वह मुझे काल से भी बांधती है। मैं उसकी चेतना में बद्ध हो जाता हूं। उस क्षण मैं उसका दास हूं जिसका परिणाम यह होता है कि लज्जा घमण्ड अलगाव आदि के मानसिक भावों के द्वारा मैं उसकी चेतना या दृष्टि के प्रति प्रतिक्रिया करता हूं। इन भावों की यदि में जागृति अन्य की सत्ता को प्रमाणित करती है। अन्य इतना विविधरूपी है कि उससे मेरे सम्बन्धों को निश्चित धारणाओं में नहीं बांधा जा सकता।

अन्य के भान से चेतना में दो प्रकार के दृष्टिकोण पैदा होते हैं। या तो मैं जिस रूप में मैं स्वयं को जानता हूं उसी प्रकृत रूप में स्वयं को समझूं या जिस रूप में मैं अन्य के द्वारा जाना जाता हूं उस परभान रूप में स्वयं को मान लूं। पहले में विषयी और दूसरे में मैं विषय बन जाता हूं। इसका फल यह होता है कि मुझमें मानसिक तनाव क्षोभ और भय उत्पन्न होते हैं। यह अन्य प्रमाणतः अस्तित्व है। मेरे अस्तित्व के लिए यह आधारभूत नहीं है पर यह है अवश्य। यद्यपि अनिवार्य है कि मेरी चेतना का स्वरूप में अन्य नहीं

हूँ या नकारात्मक सम्बन्ध स्थापित हो। यह नकारात्मक सम्बन्ध परस्पर भान के कारण विशिष्ट है। वस्तु और चेतना के नकार में पारस्परता नहीं है जबकि अन्य चूँकि चेतन है वह भी मेरा नकार करता है। मेरी चेतना में द्वैत उत्पन्न होता है जो एक दूसरे का मुकाबला करते रहते हैं। अन्य मेरी चेतना के पथ को इस रूप में सीमित करता है। चेतना अन्य तक पूरी तरह से नहीं पहुँच सकती और न अन्य की चेतना मुझ तक पूर्णतः आ पाती है। इस तरह अन्य से सद्भाव या मेरे अस्तित्व का सम्बन्ध असम्भव हो जाता है। अन्य मेरी सीमा बनाओं के अतिक्रमण के द्वारा मेरी स्वतन्त्रता का हनन करता है। मैं अपनी अतिक्रमणता या स्वतन्त्रता को फिर से विजित करता हूँ तो अन्य से द्वन्द्व का सम्बन्ध स्थापित होता है। युद्ध क्षेत्र में सिपाही ये प्रयत्न करता है। अन्य का भय उसे पीड़ा देता है वह उसकी सम्भावना अर्थात् शरीर को नष्ट जानता। इसलिए अपनी सम्भावना की सबसे स्थापना करता है। स्वयं विषयी बनने का प्रयत्न करता है।

वास्तव में अन्य मूर्त चेतना या विषयीत्व (concrete subjectivity) है। यह इस रूप में अनुपस्थित–उपस्थित है। मैं उसे विषय ही रखना चाहता हूँ अर्थात् उसकी चेतना को अनुपस्थित करता हूँ जबकि वह चेतना युक्त है इसलिए उपस्थित है। इसके अतिरिक्त वह शारीरिक अनुपस्थिति के द्वारा भी उपस्थित है। उसकी उपस्थिति अपरिहार्य है। क्योंकि इसकी सत्ता चेतना में ही आन्तरिक नकार पर स्थित है। यह तत्त्वरूप से हमारे अनुभूति गम्य है।



अन्य की उपस्थिति अलगाव को और भी सघन और अनंत क्षेत्रीय बनाती है। अन्य मुझे शरीर के माध्यम से देखता है अर्थात् चेतना में मेरा शरीर दो रूपों में प्रकट होता है–(१) शरीर जो अन्य के द्वारा जाना जाता है–परार्थ है और (२) वह शरीर जो मेरे लिए है–स्वार्थ है। अब इन दोनों में भ्रम मानना पड़ता है। इस प्रकार चेतना में विभाजन या खण्डन जन्म लेता है। शरीर से चेतना अलग होता ही है चेतना में भी अलगाव उत्पन्न होता है जबकि अन्य रहित चेतना में चेतना और शरीर में अलगाव नहीं होता ऐसा विदित रहता है। अन्य के रूप में इस शरीर-सम्बद्ध चेतना के तीन रूप बन जाते हैं जो एक साथ उपस्थित रहते हैं जिसमें कार्य क्रम या व्यवस्था रहता है।

अन्य का विषय है ऐसा प्रतीति होती है। मैं अपने शरीर को अन्य की दृष्टि से देखने लगता हूँ। कोई कहे कि तुम्हारी आंख कितनी खराब हैं, इसके प्रभाव से मैं अपनी आंखों को खराब समझूँ और शर्म से नीचे देखने लगूँ तो मैं दूसरे की दृष्टि से अपने शरीर को देख रहा हूँ। इसका अर्थ हुआ कि चेतना और शरीर का अलगाव होता है और शरीर मेरी चेतना का ठीक उसी रूप में विषय बन जाता है जिस रूप में वह अन्य के लिए है।

स्पष्ट है कि सार्त्र के दर्शन में यह अन्य एक विघटनकारी अस्तित्व है। इसलिए इसमें शान्तिपूर्ण सद्भावमय सम्बन्ध का निर्वाह कठिन है। सार्त्र धार्मिक भाषा का प्रयोग करते हुए कहता है कि अन्य मेरा मूल पाप है अर्थात् इसकी उपस्थिति सदैव पीड़ादायक अपराधजनक और वमनस्थापित है लेकिन इससे कोई बचाव भी नहीं है। अन्य के लिए मैं जैसा हूँ हूँ। वह मुझे पूर्ण बनाता है अर्थात् मेरी सम्भावना को बद्ध कर मेरा अतिक्रमण करता है। मेरी स्वतन्त्रता भी उसके लिए वस्तु के समान प्रस्तुत है। वह सदैव मेरे मूल स्वरूप अर्थात् मेरी गतियुक्त चेतना को जड़ विषय में बदलता रहता है। इसलिए उसकी उपस्थिति मुझे में या तो प्रेम के द्वारा उसकी स्वतन्त्रता जीतने की इच्छा उत्पन्न करता है या कामेच्छा (desire) के द्वारा उसका शरीर विजित करने की आग उपजाती है। इस कामेच्छा की प्रतिक्रिया घृणा (hate) में हो जाता है।

अन्य से प्रेम का सम्बन्ध असफल होता है। यह असफलता क्यों है कैसे है? इसे समझने के लिए सार्त्र की प्रेम की धारणा का विवेचन आवश्यक है। प्रेम उन अनेक युक्तियों (projects) का समाहार है जिसके द्वारा मैं अन्य को चेतन विषय (conscious object) के असम्भव रूप में निर्जित करना चाहता हूँ। अतः अन्य की चेतना या स्वतन्त्रता का हस्तगत करना चाहता है किन्तु वह यह नहीं चाहता कि अन्य एक भौतिक तथ्य या वस्तु के रूप में उसे प्राप्त हो। वह चेतनायुक्त अन्य को चेतनायुक्त वस्तु बनाना चाहता है और यह असम्भव है। इसलिए प्रेम विरोधगत है। प्रेमी और प्रेमिका परस्पर चेतन अन्य हैं। एकता स्थापित करने का प्रयत्न प्रेम है। यह प्रयत्न प्रायः दो रूप धारण करता है। प्रेमी प्रेमिका के लिए विषय है इसलिए वह प्रेमिका की इच्छा के अनुरूप अपनी चेतना की अवहेलना करते हुए—बनने की चेष्टा करता है। इस प्रकार अपनी स्वतन्त्रता का हनन करता है और प्रेमिका की

दृष्टि से स्वय को देखना हुआ विषय बनने का प्रयत्न करता है जिसमे आप पिन होकर प्रेमिका उसस एक हो जाय। इसी प्रकार का वस्तु बनने का प्रयत्न प्रमिका भी अपनी ओर स करती है। स्पष्ट है कि एकता स्थापित करने की यह क्रिया अर्थात् प्रेम असफल होगा। क्योंकि दोनो अपनी चेतनाओं का कभी भी नहीं हटा सकेंगे यह असम्भव है। इसके अतिरिक्त जब भी प्रेमिका का यह आभास हो जायगा कि उसका प्रेमी एक जडवस्तु मात्र है उसका आकर्षण समाप्त हो जायेगा। फलत प्रेम असफल होगा। इस असफलता से बचने का प्रयास स्वपीडन वृत्ति (masochism) है। प्रेमिका स एक होने की लालसा म प्रेमी अपनी स्वतन्त्रता जो उसम सघर्ष (conflict) का कारण हो सकता है का तिलाजली देने का प्रयत्न करता है जडवस्तु बनना चाहता है। यह असम्भव है। इसलिए प्रेम असफल है अन्य से सामजस्य अशक्य है। फिर भी प्रेम एक प्रिय भ्रम होने के लिए सत्य है। इसलिए मनुष्य जीवन प्रारम्भ से ही इसके वृत्त म घूमता रहा है।

परपीडा वृत्ति (sadism) के द्वारा अन्य को विजित करने का प्रयत्न प्रेम म अन्य की स्वतन्त्रता विजय की असम्भावना के बोध स शुरू होता है। जब मैं अन्य की स्वतन्त्रता को प्रेम के द्वारा नहीं विजित कर सकता तो मैं अपनी स्वतन्त्रता के सबल प्रयोग से उसे विजित करता हू। अर्थात् अन्य को अपनी दृष्टि म केवल वस्तु म परिवर्तित कर देना चाहता हू। इस प्रकार उसके विषयीभाव (subjectivity) का नष्ट भ्रष्ट कर अपने विषयी भाव की प्रतिष्ठा करता हू। पर यह अन्य पर विजय नहीं होता उसके प्रति उदासीनता (indifference) म परिणत हो जाती है। मेरा विषयीभाव या स्वतन्त्रता मेरे लिए दुख का कारण हो जाता है। अकेलेपन का बोध मुझे ग्रस्त कर लेता है। क्योंकि मुझ म इच्छा है। इच्छा अभाव म उपजती है और किसी स्वबाह्य विषय के लिए होती है। इसलिए अन्य की उपस्थिति मेरी सुख कल्पना के लिए अनिवार्य है। यह दूसरी बात है कि मात्र के मैं की यह ... कभी पूर्ण नहीं होती। कामेच्छा (sexual desire) स अन्य म सुसम्बद्ध होने का प्रयत्न मैं ... भी असफलता ही मिलेगा। पुरुष म नारी की ... उसके शरीर के प्रति ही जाग्रत नहीं रहती उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व के प्रति जागती है। किन्तु कामेच्छा म चेतना को शरीर म तन्मय करने की प्रवृत्ति होती है। कामान्ध व्यक्ति वस्तु रूप हो जाता है स्वतन्त्र चेतना नहीं रहता। इसलिए

चेतना के अभाव में अन्य से सम्बन्ध हो ही नहीं सकता।

कामेच्छा में भी अन्य उपस्थित है। कामेच्छा अन्य को केवल शरीर के रूप में जाक्ति रखने का प्रयत्न ही है। आलिंगन, लाड़-दुलार (caress) आदि अन्य को मात्र शरीर की सत्ता की अनुभूति कराने का प्रयास है। 'अन्य' स्वयं माध्यम में स्वयं के लिए और मेरे लिए भी शरीर (flesh) मात्र रहे। अन्य को स्व शरीर का भान मेरे शरीर के द्वारा ही होता है। फलत कामेच्छा में शरीरों का सम्बन्ध निर्मित होता है चेतन और चेतन का नहीं। यह कामेच्छा का सम्बन्ध व्यक्ति का अन्य से आदिम सम्बन्ध है। मैं इससे अपनी स्वतन्त्रता का हनन करता हूँ और अपनी चेतना या सम्भावना को शरीर रूप बना देता हूँ इस आशा में कि अन्य भी ऐसा ही करेगा। अन्य ऐसा न करे तो यह प्रयत्न भी निष्फल होता है। पर यदि वह ऐसा कर ले तो भी सम्बन्ध की असफलता से नहीं बचा जा सकता। क्योंकि सम्भोग में कामेच्छा की पूर्ण तृप्ति हो नहीं होता, उसकी चरमावस्था में अन्य की विस्मृति भी उत्पन्न होती है। इसलिए सम्बन्ध कैसा? इसके अतिरिक्त कामेच्छा के विकार (disturbance) के पलायन के पश्चात् अन्य फिर या तो एक सामान्य विषय (ordinary object) बन जाता है या मुझे विषय बनाकर विषयी (subject) हो जाता है।

कभी कभी व्यक्ति अन्य के इस शरीर पलायन को रोकने के लिए परपीड़ा (sadism) का आधार लेता है। परपीड़क व्यक्ति स्वयं विषय अर्थात् शरीर नहीं बन सकता इसलिए वह अन्य को—अपने शरीर को उपकरण (tool) बनाकर—शक्ति से स्वतन्त्रतारहित शरीर बनाना चाहता है। पीड़ा के द्वारा उसे शरीर की अनुभूति करवाता है और उसकी स्वतन्त्रता को विस्मृत करवाने का प्रयत्न करता है। स्पष्ट है कि यह रास्ता भी निरर्थक सिद्ध होगा। क्योंकि परपीड़ा के शिकार अन्य का समर्पण कभी स्थायी सम्पूर्ण और स्पष्ट नहीं होता। कभी भी वह अपनी स्वतन्त्रता को छीन सकता है।

स्पष्ट है कि सार्त्र की दृष्टि में व्यक्तिगत सम्बन्ध असफल होने के लिए हैं। सामञ्जस्य या शान्तिपूर्ण सद्भाव प्रायः असम्भव है। इसका मूल कारण यह प्रतीत होता है कि सार्त्र स्व चेतना की अपनी मूल धारणा (जिसमें नकार और अतिक्रमण ही हैं विधिपरक कुछ भी नहीं है) से प्रतिघात होकर ही विवेचन करता है। अन्य हमेशा उसके लिए चुनौती के रूप में ही आता है

द्व्न्द्व की सृष्टि म । अन्य चेतना है विषय है और मैं भी वैसा ही हू । इसलिए मेरा या उसका प्रयत्न काय—चाहे वह लडना हो या उपहार देना—मेरे या उसके लिए दपदमन या दीनता (humiliation) ही साबित होता है । अन्य मेरी सीमा है मैं अन्य की सीमा हू । इसलिए कभी कभी इस सीमा को नष्ट करने की प्रवृत्ति घृणा (hate) भी उत्पन्न करती है । घृणा अन्य की उपस्थिति से स्वय को स्वतन्त्र करने का प्रयास है जिसमे मेरा अलगाव सर्जित होता है । किन्तु यह घृणा फिर विशिष्ट अन्य तक ही सीमित नही रहती चेतना की सवतोमुखी स्वतन्त्रता पर आश्रित होने के कारण सवघृणा म परिवर्तित हो जाती है । घृणा भी असफल होती है क्योंकि अन्य की सत्ता नष्ट नही हो जाती ज्यो की त्यो रहती है ।

इस प्रकार सात्र का मानवीय जगत् द्वन्द्व अलगाव अशाति द्वेष सघष हीनता पीडा निराशा असफलता आदि के नकारो से भरा पडा है । अब प्रश्न उठता है कि इस एकान्त विच्छिन्न मैं से समाज कैसे बनता है ? या सामाजिक सम्बन्धो के सदभ म इस मैं की क्या स्थिति है ? सात्र चेतनाओं की अनेकता को स्वीकार करता है ।* अर्थात् मैं अनेक हैं । क्या ये मैं सब अलग अलग असम्पृक्त अवस्था म है या रहते हैं ? सात्र का उत्तर है कि ये किसी समूह क्रिया (collective) द्वारा जुडे हुए भी हैं । मतलब इनका समूहगत अस्तित्व भी है । इस अस्तित्व को वह दो रूपो म देखता है—

(१) विषयरूप हम (Us object)—जब मैं और अन्य का सम्पक या सघष द्वारा रहता है तब यदि कोई तीसरा व्यक्ति आकर हम देखता है तो मैं और अन्य दोनो उस तीसरे के विश्व म विषय हो जाते है । इस तृतीय के द्वारा मेरा और अन्य की सभावना का रास्ता तोना परखा और नकारा जाता है । इसम मैं और तुम (अर्थात् अन्य) एक हो जाते हैं विषयपरक समानता पैदा होती है । इस सात्र इस विषय की सामूहिकता कहता है जो अपमानकारी पुरुषत्वहीनता की अनुभूति और विच्छेद भाव को पैदा करती है । इस अनुभूति के लिए तीसरे की भौतिक उपस्थिति अनिवाय नही है उसका भान ही पर्याप्त है । इससे शासित और शासक का वग सघष उपजता है । मुख्यत यह तृतीय सत्ता है । शासित का स्वातन्त्र्य हम विषय से हम बनता है [illegible] । इसम सात्र व्यक्तिगत सम्बन्धो म प्राप्त प्रेम घृणा इच्छा आदि की भावना क्रियाशील रहता है ।

---

*इसका कोई बुद्धिगम्य कारण उसके दशन म अप्राप्य है ।

नता भी यह तृतीय पुरुष है। ईश्वर मानव तृतीय रहता है अर्थात् विषयी हो रहता है।

(२) विषयीरूप हम (We subject)—सार्त्र विषयीरूप हम को केवल मनोवैज्ञानिक सत्ता मानता है जो केवल अनुभव मात्र है। इसकी सद्विद्यागत स्थिति नहीं है। उत्पादित वस्तुओं के समक्ष उनके उपभोक्ता होने के कारण हम विषयी हैं। इसी प्रकार वक्ता वर्ग जाति आदि विषयी हम के उदाहरण हैं। ब्राह्मणों ने शूद्रों का शोषण किया। ये ब्राह्मण विषयीहम के प्रतिनिधि हैं।

संक्षेप में कहें तो सार्त्र व्यक्ति का व्यक्ति और समाज के सम्बन्ध में सहजीवी न मानकर संघर्ष-जीवी मानता है। व्यक्ति और समाज के सम्बन्ध का सामान्यीकरण भी सामाजिक सम्बन्ध में मिलता है। यहाँ भी वह मैं की सत्ता को भूलता नहीं। क्योंकि विषय हम की भावना क्षणिक है तथा तृतीय के भय पर आश्रित है। भय दूर होते ही फिर मैं और तुम का संघर्ष प्रारम्भ हो जाता है। इसके अतिरिक्त विषय-हम की एकता में वह पुरुषत्व हीनता रहती है जबकि मानववाद, जिससे वह प्रारम्भ में सम्बद्ध रह चुका था इसे मानव शक्ति मानता है। सार्त्र का यह विचार पूर्णतः व्यक्तिगत परिस्थिति और अनुभव से उद्भूत हुआ है। जर्मन आक्रमण का प्रतिरोध करने वाले कुछ व्यक्ति मौत के साक्षात्कार के समय यदि शक्तिहीनता या भय की बात करें तो उनकी अनुभूतिगत प्रामाणिकता समझ में आती है। किन्तु दर्शन की वस्तुपरकता में उससे विरोध पैदा होता है। अस्तित्ववाद इस रूप में केवल व्यक्तिगत दर्शन बन कर रह जाता है।



व्यक्तिगत परिस्थिति की प्रतिक्रिया का दूसरा परिणाम सार्त्र की चरम स्वतन्त्रता की धारणा है जो अधिकांश व्यक्तियों—विशेषतः साहित्यकारों—में अत्यधिक लोकप्रिय एवं प्रचलित है और बहुत ही गलत समझी गयी है। इस चरम स्वतन्त्रता को दार्शनिक रूप को सामान्यतः प्रचलित स्वतन्त्रता से भिन्न समझना चाहिए। स्वतन्त्रता की प्रचलित धारणा यह है कि व्यक्ति जो भी चाहे उसे प्राप्त करे अर्थात् उसे अपनी इच्छा पूर्ण करने की सुविधा मिले। कोई व्यक्ति एक लाख रुपए पाने की कामना करे और उसे उसी समय मिल जायें। इसे ही वह व्यक्ति चरम स्वतन्त्रता मानता है। दार्शनिक चरम स्वतन्त्रता

म कामना पूर्ति नहीं होती स्वय का निर्माण होता है चुनाव या वरण होता है जो काफी कठिन कार्य है। सार्त्र इस धारणा को कार्य (action) से संयुक्त करके देखता है। इसलिए स्वतन्त्रता म पहले कार्य क्या है ? इसे समझें। बिना आशय (intention) की क्रिया कार्य नहीं है। एक तम्बाकू पीनेवाला यदि गलती से किसी घर म आग लगा दे तो उसे कार्य नहीं कहा जा सकता। अत कार्य म आशय होना अनिवार्य है। आशय म अभाव की सहजानुभूति अन्तर्गर्भित है पूर्ण म आशय की स्थिति असम्भव है। आशय म कोई वस्तु नहीं है की अनुभूति और इसे होना चाहिए की लालसा होती है। फलत आशय म चेतना का भूत से मुक्त होने यथास्थिति से बिछुड़ने और सम्भाव्य की ओर गतिशील बनने की शाश्वत सम्भावना निहित है। चेतना की यह नकारी क्रिया और एक उद्देश्य या प्रयोजन की प्रतिस्थापना की सम्भावना ही स्वतन्त्रता है। अर्थात् स्वतन्त्रता चेतना की वह शक्ति है जिसके द्वारा वह कार्य के आधार पर भूत और यथास्थिति से मुक्ति प्राप्त करता है और स्वतन्त्र रूप से उद्देश्यों और प्रयोजनों का निर्माण करता है। लेकिन एक बात और विचारणीय है कि ये उद्देश्य और प्रयोजन अंतिम या स्थिर नहीं होते *सतत नवनिर्मित होते रहते हैं। क्योंकि स्वतन्त्रता अपनी निर्मिति म भी बद्ध* नहीं होती उसका भी वह नकार करता है। चूंकि चेतना सतत निर्माणाधीन है कभी भी निर्मित नहीं होती फलत स्वतन्त्रता भी अनवरत गतिशील सृजन प्रक्रिया है।

सार्त्र इस स्वतन्त्रता के लिए कोई सीमा मर्यादा या बन्धन स्वीकार नहीं करता है। यह नकार पर आश्रित है इसलिए पूर्ण स्वतन्त्र है। बन्धन तो नकार के त्याग से उत्पन्न होता है। ऐसा कहते हैं अन्य म प्रतिबद्धता आ जाती है जबकि चेतना से अन्य म स्व का सम्बन्ध होता है अन्य की अवहेलना होती है और स्व की स्वतन्त्रता की उपलब्धि भी। इसी आधार पर सार्त्र नियतिवादी (deterministic) दर्शनों का विरोध करता है। नियति म उद्देश्य पहले से या वस्तुतः दिए जाते हैं। व्यक्ति इन उद्देश्यों के दबाव और प्रभाव के अन्तर्गत चिन्ता स्वतन्त्रता और मानवीय यथार्थ को भुला देता है। मानवीय यथार्थ चेतनात्मक होने के कारण स्वतन्त्र होता है। फलत नियतिवाद निरर्थक भ्रम है। स्वतन्त्रता ही मनुष्य है तथा अवधारणा अन्य स्वतन्त्रता ही है जिससे उसका संसार से सम्बन्ध स्थापित होता है। सार्त्र इस स्वतन्त्रता को

के अनुसार मृत्यु का मृतभूत गुण उसका निरर्थकता तथा असगति (absurdity) है। सार्त्र हाइडेगर शान्ति से सहमत नहीं है। यह असगत इसलिए है क्योंकि कोई भी व्यक्ति इसका कब्र का अनुमान नहीं लगा सकता केवल अस्पष्ट रूप में इसकी प्रतीक्षा कर सकता है। मैं इसकी योजना नहीं बनाता इसलिए नहीं रहता। अतः यह मेरा सम्भावना नहीं है बल्कि मेरा सब सम्भावनाओं का अन्त है और इस रूप में मेरी सम्भावनाओं के बाहर है। मैं इसका चुनाव नहीं करता। यह अपने आप आता है मेरे द्वारा निर्मित या सर्जित नहीं है। यह मेरे जीवन के लिए भी पूर्णतः निरर्थक है। इसलिए यह असगत है।

चेतना सदैव इच्छा युक्त है जबकि मृत्यु सब इच्छाओं का अन्त। चेतना भावी की आशाएं सजाती है जबकि मृत्यु उनका विनाश करती है। अर्थात् चेतना में ऐसा कुछ भी नहीं है जो मृत्युपरक या तन्मय हो। इसलिए यह मुझसे बाहर है। यह अर्थ में है जो मुझे प्रभावित करती है पर करती है मेरे सम्भावना के संसार को तहस नहस कर डालता है। सार्त्र का यह तर्क कि मृत्यु चेतना से बाहर है कुछ सूक्ष्म है। चेतना को सार्त्र परिमित (finite) मानता है किन्तु मरणशील नहीं मानता। उसके अनुसार चेतना यदि अमर भी हो तो भी—उसके अपने स्वभाव के कारण परिमित हो सकती पर मरण मानना उसमें नहीं है उससे बाहर है। इससे यह सिद्ध होता है कि जीवन—जो कि स्वतन्त्रता और उत्तर है—की बाह्य परिसीमा मृत्यु है। सार्त्र यह शरीर कि तरह है चेतनागम नहीं। सार्त्र के दर्शन में शरीर और चेतना का भी एक स्तर पर अलगाव ग्राह्य है। फलतः सार्त्र बाहर है।

मृत्यु मेरे जीवन या स्वतन्त्रता की परिसीमा भले ही हो मेरे लिए पूर्णतः अग्राह्य रहेगा। मृत्यु तब तक मुझे छू न सकेगी अर्थात् बाधा नहीं डाल सकेगी। मृत्यु नहीं आती है तब तक मैं स्वतन्त्र हूँ मृत्यु के आगमन के बाद मैं न रहूँगा। इसलिए बाधा कैसा?

सार्त्र कहता है कि मैं मरने के लिए स्वतन्त्र नहीं हूँ केवल जीवन में। चेतना में मृत्यु नहीं होती आयत (स्वतन्त्र) ही होता है। इस दृष्टि से सिर्फ सार्त्र का मृत्यु बाद सारा के स्थान का मृत विकृति या पराजय स्वीकृति।

मेरा अर्थ यह स्वतन्त्रता मनुष्य का अनुत्तरदायित्व पूर्ण उत्तरभागी नहीं बनाता बल्कि उसमें चित्र पूर्ण उत्तरदायित्व का अनुभव होता है जिस प्रेरणा

हो गई । नमक निज प्रतिपादन करता है । इस उत्तरदायित्व का मामला यह तक ही सीमित नहीं है पूरे मेरे विश्व का समाहित किए हुए है । अर्थात् मैं मुझसे सम्बद्ध प्रत्येक वस्तु व्यक्ति या घटना के लिए उत्तरदायी हूँ क्योंकि यह विश्व मेरा है मेरे द्वारा अर्पित है मैंने इसका निर्माण किया है, इसलिए इसको ग्रहण करना अर्थात् तत्सम्बद्ध उत्तरदायित्व वहन करना मेरा धर्म है और मेरी प्रामाणिकता है । जो व्यक्ति इस प्रामाणिकता से बचता है वह आत्म प्रवंचक है ।



यह स्वतन्त्र चेतना जैसा कि पहले उल्लेख हो चुका है चेतनायुक्त वस्तु बनना चाहती है । चेतना वस्तु से नकार के द्वारा अलग होती है । किन्तु अभाव होने के कारण वह अलग हो नहीं रह सकती फलतः वह वस्तु को गृहीत करना चाहती है स्वयं अभावपूर्ति के प्रयत्न में वस्तु बनना चाहती है । दूसरे शब्दों में चेतना में अपने गुणों के साथ ही वस्तु के गुणों को प्राप्त करने की प्रवृत्ति दिखाई देती है । यह विषय और विषयी दोनों के समन्वय की असम्भव इच्छा है । यह एकात्म केवल 'ईश्वर' में प्राप्य है और मनुष्य का यह प्रयत्न 'ईश्वर' बनने का प्रयत्न साबित होता है । यह प्रयत्न कर्म रूप धारण करता है ।

चेतना इच्छा रूप है इसलिए इच्छा पूर्ति के लिए यह क्रियाशील रहती है । इच्छा अभाव से उत्पन्न हुई है । अभाव की सम्पूर्ति के लिए चेष्टा पैदा होता है । इस तरह मनुष्य सदा आत्मसात्करण (appropriation) करता है । मनुष्य की प्रत्येक गति वस्तु या अन्य को आत्मसात् करने के लिए उद्दिष्ट है । फलतः प्राप्ति या सम्पूर्ति की इच्छा वस्तुतः वस्तु होने की ही इच्छा है । वस्तु की सत्ता में ही व्यक्ति विश्राम करता है फिर भी वह वस्तु नहीं है और वस्तु को आत्मसात् करना चाहता है । यह क्रिया अनेकविध होती है क्योंकि चेतना में अनेकविध वस्तुएं अर्थात् अपूर्ण रूपों की ही स्थिति है । इसलिए व्यक्ति 'यह' या 'वह' वस्तु विशेष के चुनाव द्वारा अपने विश्व को अधिकृत करने का प्रयास करता है । स्पष्ट है कि इस चाय में वह पूर्णतः स्वतन्त्र है । फलतः व्यक्ति की सत्ता इन वस्तुओं के माध्यम से विश्व को आत्मसात् करने का स्वतन्त्र चुनाव मात्र ही है ।

असमर्थ है फिर भी स्वतन्त्र नियामक और उत्तरदायित्वपूर्ण है। यह अधिकान्त व्यक्ति की स्थिति का कृष्ण पक्ष है व्यक्ति य । भा कत्तायना है पर असफल परिणाम उसका जन्मसिद्ध अधिकार है । स्पष्ट है कि यह भी अन्य प्रकार का रोमांसवाद ही है । यह अधूरे दर्शन अभावात्मक दृष्टि और भावात्मक विद्रोह का आत्यन्तिक फल है ।



७

मार्टिन बूबर

(Martin Bubor)

अस्तित्ववादी दर्शन में बूबर मानव का प्रतिनिधि है। मानव के संसार में अन्य से मेरे का स्वयं या संघर्ष अवश्यम्भावी है। मैं और तुम में सहज सौमनस्य असम्भव है। दोनों के बीच सम्बन्ध एक पराजय तनाव की स्थिति रहती है जिसमें विषयी बने रहने की अभीप्सा और विषय बन जाने की या बना दिये जाने की पारस्परिक आशंका में व्यक्ति संत्रस्त रहता है। व्यक्ति दूसरे व्यक्ति से सतत मुकाबला करता रहता है आन्तरिक तनाव के कारण असफलता और अवनयन में घुलता रहता है और अन्य अर्थात् तुम से स्वाभाविक संयोजन स्नेह का संबंध स्थापित नहीं कर पाता। अन्य व्यक्ति के लिए नरक है।* क्योंकि वह अन्य के मस्तिष्क अर्थात् उसकी विषयी भावना को नहीं समझ सकता। इसलिए सारा संदेह और भय उत्पन्न होते हैं। फिर यह होता है कि व्यक्ति अपने ही संसार में सिकुड़ जाता है अलग हो जाता है। इस पर भी उसे शान्ति नहीं है क्योंकि अन्य की उपस्थिति को वह हटा नहीं सकता। वह अन्य उसके संसार में बलात् प्रवेश करता रहता है। फलतः संघर्ष अनिवार्य है तज्जन्य अशान्ति का भोग उसकी नियति है और इन दुर्भावों के साथ जीवन-यापन उसका भाग है। संक्षेप में मैं और तुम में मित्रता नहीं निरन्तर शत्रुता ही गतिशील रहती है।

मार्टिन बूबर इस मलिन अंधकारमय संसार में आशा की किरणों का प्रकाश प्रकाशित करता है। तुम अर्थात् अन्य में मैं का तादात्म्य भावी

---

* The hell is other people —No exit a play by Sartre

समभुर व्यक्ति सम्बन्ध स्थापित हो सकता है क्योंकि इस तुम का उसकी सज्जता और पवित्रता के साथ में स्वीकार कर इस विषयी (subject) या विषय (objec) में से किसी एक में समेकित कर सकने का समझ में तुम में आन्तरिक रूप से स्वतन्त्र है और न आगे चलकर रूप में तुम का और स्वाभाविक रूप में प्रमाण है। बूबर का मानना है कि यह सद्भावपूर्ण नाता समय होने। सम्भव भी है। इस दृष्टि के कारण से व्यक्ति गत्य का रचना तर्क की विषमता उपजती है जनमानस का होता है।

बूबर किसी सार्वभौम और अमूर्त धारणाओं से विचार प्रारम्भ नहीं करता बल्कि व्यक्ति जीवन में अनुभूयमान व्यक्तिगत सम्बन्धों के विश्लेषण से ही अपने दर्शन का आरम्भ करता है। अन्य अस्तित्ववादियों के समान उसका भी अन्य विषय में तथा समस्याओं में रहने वाला मूल मानव ही है। मानवों में रहने वाले मानव के लिए अनिवार्य है कि वह अन्यों से सम्बन्ध या सम्प्रेषण स्थापित करे। इसलिए बूबर इस सम्प्रेषण की समस्या से ही विचार शुरू करता है। उसकी प्रसिद्ध पुस्तक मैं और तू (I and Thou) में यही समस्या विवेचित हुई है। उसके अनुसार व्यक्ति के दो आधारभूत सम्बन्ध-प्रत्यय से प्रधान वस्तु और जगत में-स्वीकार करता है। पहला है मैं और यह (I It) का और दूसरा मैं और तू (I Thou) का। उसकी धारणा है कि जब भी व्यक्ति मैं का उच्चारण करता है वह स्वयं को अलग-थलग नहीं मान रहा होता है बल्कि दूसरे से या तो वस्तुगत (It) सम्बन्ध स्थापित कर रहा होता है या आन्तरिक व्यक्तिगत (Thou) सम्बन्ध। यह वस्तु का प्रतीक है जो स्वयं (मैं-यह) पर आधारित है। मैं वस्तु से तादात्म्य स्थापित नहीं करता बल्कि उसका उपयोग में ज्ञान या लाभ प्राप्त करता है। फलतः मैं के व्यक्तित्व के बहुत से अंग दबे रह जाते हैं। इनसे उपेक्षित या बहिष्कृत हो जाते हैं। इस तरह मैं का पूर्ण तादात्म्य के अभाव में यह सम्बन्ध वस्तुपरक, एकांगी और बहिर्निष्ठ हो रहता है। वैज्ञानिक का दृष्टिकोण ऐसा ही होता है।

मैं-तू के सम्बन्ध में मैं यह से भिन्न मैं पूर्णतः तल्लीन और सजग होता है। मैं-तू का उच्चारण व्यक्तित्व की सम्पूर्णता या समग्रता के माध्यम से ही हो सकता है। इस सम्बन्ध में व्यक्ति का नियोग और पूर्ण सहयोग अनिवार्य है। यहाँ व्यक्ति दूसरे (तू) में अपने आप वास्तविक प्रमाण का पूरी तरह प्रतिष्ठा करता है। यह वस्तुतः व्यक्तिगत सम्मिलन (a personal meeting) है। यह

सम्मिलन पूर्णतः अनौपचारिक और सहज होता है और इसमें ऐसी आकांक्षा होती है कि मेरे व्यक्तित्व का व्यक्ति के द्वारा पूर्ण प्रतिदान (re ponse) प्राप्त हो सके। [illegible] की अनुभूति होती है जब कि उस प्रतिदान के [illegible] आधार का [illegible] है। [illegible] भी [illegible] सम्मिलन में दूर नहीं जाते अपनी अस्ति-भावना को भूल नहीं [illegible] अस्ति भावना को धारण करते हुए वे प्रेम भाव में सम्बद्ध होते हैं। तू [illegible] उच्चारण के साथ ही उच्चारणकर्ता तू-सापेक्ष [illegible] हो जाता है अर्थात् तू से घनिष्ठतः सम्बद्ध हो जाता है और [illegible] कहता है कि वस्तुतः जीना मिलना ही है।* यह मिलन बहिर्निष्ठ वस्तु के [illegible] नहीं [illegible] आत्मनिष्ठ चेतना के [illegible] पर होता है। मैं जब तू [illegible] सत्तात्मक और सक्रिय चेतना के रूप में व्यवहार करता हूँ तू की चेतना के प्रभाव को ग्रहण करता हुआ उसकी सत्ता में [illegible] अपनी समग्रता का प्रभाव भी [illegible] होता हूँ। मैं इस तू की न तो उपेक्षा करता हूँ और न [illegible] बुद्धि के लिए भी स्थगित हो कर सकता हूँ। क्योंकि मैं स्वयं [illegible] समझना चाहता हूँ और साथ ही साथ इसे भी [illegible] चाहता हूँ। [illegible] है कि इसमें सहज निश्छल और पूर्वाग्रहरहित [illegible] मेरा उद्देश्य स्वयं का [illegible] होना चाहिए और न तू [illegible] प्रकारेण [illegible] हो। [illegible] में ही यह [illegible] सम्मिलन होता है।

यह सम्मिलन [illegible] और [illegible] का होता है। इसलिए अस्तित्ववादी [illegible] के अनुसार है यद्यपि [illegible] अस्तित्ववादियों के मत का विरोध इसमें होता है। [illegible] मनुष्य का जीवन [illegible] और मृत्युपरान्त के दो [illegible] के मध्य झूलता रहता है। बूबर जीवन के इन [illegible] को भी [illegible] स्वीकार नहीं करता। [illegible] अनुसार सम्मिलन त्रिविध है या त्रिस्तरीय है। प्रकृति के साथ जीवन इसका पहला स्तर है जहाँ [illegible] प्रकृति में निर्जीव [illegible] वस्तुगत सम्बन्ध स्थापित नहीं करता बल्कि तू का [illegible] जाता है। प्रकृति की अनुभूति [illegible] होती है [illegible] प्राप्त करता है और [illegible] में प्रकृति के द्वारा भावानुभूति की

---

* All real living is meeting —I and Thou

उत्त जना वह अनुभव करता है। यह संबंध एकांत और एकतरफा (चूंकि प्रकृति निरपेक्ष रहती है) होने के कारण अनुभवयुक्त तो होता है पर अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता। स्पष्ट है कि बूबर सार्त्र के विरुद्ध प्रकृति से भी मनुष्य का सामंजस्य स्थापित करता है। इस सम्मिलन का दूसरा स्तर मनुष्य के साथ मनुष्य में दिखाई देता है। इस स्तर पर मनुष्य दूसरे मनुष्य से अपनी बात भाषा के द्वारा प्रकट कर सकता है और उसमें उपयुक्त प्रतिक्रिया उपजा सकता है। यह संबंध दुतरफा होता है। अध्यात्म के साथ जीवन में तीसरा संबंध कल्पित किया गया है। यहां भी व्यक्ति अध्यात्म की अनुभूति करता है जिससे सहजानुभूति और प्रेरणा जाग्रत होती है। यह संबंध एकतरफा तो नहीं होता किंतु यहां दूसरा (अध्यात्म तत्त्व) इतना अधिक महान् होता है कि वह व्यक्ति का सामर्थ्य को पार करता रहता है उसकी वाणी की पकड़ में नहीं आता। फलतः उस संवाद की झांकी ही अभिव्यक्त की जा सकती है।

बूबर व्यक्तिगत संबंधों पर अधिक बल देता है उन्हीं के अध्ययन से अन्य स्तरों की व्याख्या करता है इसलिये यह समझना अत्यन्त आवश्यक है। इन सम्बन्धों का आधार उसके 'तू' की धारणा है। तू और यह का व्याकरणिक आधार है। यह (It) जड़ वस्तुओं या मनुष्येतर प्राणियों के लिये प्रयुक्त होता है जबकि तू मनुष्य के लिए ही सुरक्षित है और अनौपचारिक व्यक्तिगत संबंध की घनिष्ठता का द्योतक है। किसी को 'तू' कहते ही व्यक्ति (तू) अपने प्रकृत प्रिय और सहज (पद मान मर्यादा से वियुक्त) रूप में उपस्थित होता है। प्रकृति भी यदि 'तू' के रूप में अनुभूत होगी तो एक अनिर्वचनीय सजीव व्यक्तित्व लिए हुए अर्थात् मानवीकृत रूप में प्रस्तुत होगी। दूसरी ध्यान योग्य बात यह है कि तू के संबंध में व्यक्ति अपनी समग्रता के साथ प्रकट होता है। उसके भावात्मक और बुद्धिपरक दोनों रूप उसमें समन्वित रहते हैं। बूबर राग के उदाहरण से इसे स्पष्ट करता है। जब हम राग का रसभोग करते हैं तो राग के विधान अंतरा आरोह अवरोह आदि का पारिभाषिक विश्लेषण नहीं करते बल्कि राग की समग्रता की ही अनुभूति करते हैं और उसमें आनन्द प्राप्त करते हैं। उसी प्रकार अन्य व्यक्ति तू से संबोधित होकर अपने समग्र रूप में प्रस्तुत हो जाता है। स्पष्ट है कि परस्पर तू के संबोधन में ही यह संबंध है। यह प्रक्रिया निरन्तर चलती रहनी चाहिए क्योंकि इसका कोई निश्चित रूप नहीं होता और न सदा ही कोई स्थिर निश्चित

रूप है। इस प्रकार अन्य को तू के रूप में अनुभव करने का अर्थ है अन्य मनुष्य को संपूर्णतः जानना।

अन्य से यह तू का सम्बन्ध स्थापित कैसे हो ? बूबर यहां ईसाई धर्म के शब्द अनुकम्पा (grace) का आधार लेता है। यह तू भावी मिलन अनुकम्पा से होता है। उसके अनुसार अनुकम्पा सामान्य दैनिक जीवन में ही क्रियाशील देखी जा सकती है। हम कविता रचते हैं, बुद्धि से कितनी भी चेष्टा करें इसे ग्रहण नहीं कर सकते। किन्तु कभी कविता अपने आप ही कभी स्वयमेव अन्तःस्फुटित हो जाती है। इसी प्रकार नैतिक नियमों का हम सायास पालन करना चाहते हैं पर उसका अनुभव नहीं करते। गांधी की अहिंसा का अनुसरण करना चाहते हैं पर मन में नहीं कर पाते। पर अचानक किसी मित्र के अद्भुत व्यवहार से हम अहिंसक हो जाते हैं। भगवान बुद्ध की आत्म जागृति से भी यही बात समर्थित होती है कि अनुकम्पा से ही अनेक बार कार्य सम्पादित होता है। यह सयोगजन्य होता है। जिसे हम सामान्य जीवन में सयोग कहते हैं उसे बूबर अनुकम्पा मानता है। इस सयोग में यह आवश्यक है कि हम इसके प्रभाव फल या प्रेरणा को प्राप्त करने के लिए उत्सुक हों इसकी दिशा में मार्गोन्मुख बनें। इसके अनिश्चित इस अनुकम्पा को प्राप्त करने के लिए हम प्रयत्न भी करें सफलता मिले इसकी निश्चितता पर ध्यान न देकर। तभी अनुकम्पा प्राप्त हो सकेगी। इस तरह व्यक्तिगत सम्मिलन अनुकम्पा के द्वारा ही साध्य है। इस तू का अवतार भी अनुकम्पा जन्य है सहज है और अनायास है। तू मुझसे मिलता है और मैं भी उससे साथ सम्बद्ध होता हूं। फलतः इस सम्बन्ध में मैं चुनता भी हूं और चुना भी जाता हूं। बूबर अन्य को प्रकृत रूप में ग्रहण करने और मैं का भी प्रकृत रूप में गृहीत होने की क्रिया को 'मैं-तू' की संज्ञा देता है।

बूबर का यह अनुकम्पा कार्य कारण (मूलभूत उद्देश्य और फल) की परम्परा से बद्ध नहीं है क्योंकि इस मिलन में इनका स्थान नहीं रहता। अद्भुत या सहजीवन होता है। यह एक अविचल सम्बन्ध है जो भूत और भविष्य न होकर वर्तमान है जहां कारण और कार्य के लिए अनिवार्य कालानुक्रम की स्थिति नहीं है। दूसरे शब्दों में यह जड़ का सयोग नहीं चेतना का सामंजस्य है। इसके अनिश्चित ईसाई धर्म में कथित अनुकम्पा की निश्चयता (passivity) भी इसमें अप्राप्य है। भगवान की अनुकम्पा पर आश्रित होने से

मैं तू का मिलन होता है। बूबर प्रत्यकता को आत्मा का स्वाभाविक निवृत्ति और व्यक्तिता को आत्मा का स्वाभाविक सम्बन्ध (प्रवृत्ति) मानता है। समाज सापेक्ष प्रत्यकता में चरित्र जाति व्यवसाय बुद्धिमता आदि के गुण समाविष्ट हैं जबकि व्यक्तिता में मैं हूं का भाव ही होता है मैं ऐसा हूं प्रत्यकता है और मैं हूं व्यक्तिता। स्पष्ट है कि व्यक्तिता में मनुष्य सामान्य मानव रहता है इसलिये अन्य से सहज सहृदयतापूर्ण सम्बन्ध निर्मित कर सकता है। मैं तू का मिलन व्यक्तित्व के इसी स्तर पर घटित होता है। यहां प्रत्यकता नष्ट नहीं हो जाती उसका भी मान रहता है पर वह मिलन में बाधक नहीं साधक सिद्ध होता है।



बूबर मैं और तू अर्थात् व्यक्ति और अन्य में संघर्ष नहीं मानता। वे एक दूसरे के पूरक हैं अन्योन्याश्रित हैं। तू के माध्यम से ही मनुष्य मैं बनता है। दूसरे मस्तिष्कों से सम्पर्क से ही हमारे मस्तिष्कों का विकास होता है। दूसरे की उपस्थिति की अपरिहार्यता सार्त्र भी स्वीकार करता है पर वह दूसरे से संघर्ष ही पाता है। बूबर प्रेम से इन्हें बांधता है सार्त्र के समान तोड़ता नहीं। बूबर की प्रेम की परिभाषा ईसाई धर्म सम्मत है। मेरा तू के प्रति उत्तरदायित्व ही प्रेम है। प्रधान दूसरे के सुख दुःख का भागी मैं हूं। यह पड़ोसी से प्रेम करो जैसी सच्ची भावना पर आधृत है। यह प्रेम स्वतःस्फूर्त नहीं दुतरफा होना चाहिए। तभी यह समाज और राजनीति के क्षेत्र में सहायक हो सकता है। आजकी राजनीति प्रत्यकता अथवा समूह के चक्र में फंसा हुआ है। इसमें व्यक्तिता को उपेक्षित किया जा रहा है। यदि व्यक्तिता पर भी ध्यान केन्द्रित किया जाय तो बहुत सा वैमनस्य दूर हो जायगा। व्यक्ति समुदाय एक होगा जिसमें हम (we) की भावना प्रस्फुटित होगी। एक अन्य पुस्तक में बूबर प्रत्यकता (individuality) और समूहवाद (collectivism) में वह आज के समाज की आलोचना करता है कि दोनों दृष्टिकोण (प्रत्यकता और समूहवाद)—चाहे कारणगत और प्रकट रूप में भिन्न हों भिन्न हों—सारत एक ही परिस्थिति की उपज हैं। उनमें फर्क विकास की भिन्न अवस्थाओं का ही अन्तर है। यह परिस्थिति ब्रह्माण्डगत और समाजगत गृहहीनता दिशा और जीवन में भय और अभूतपूर्व एकाकीपन की

अनुभूति में संयुक्त है। आज प्रत्येक मनुष्य मनुष्य के रूप में प्रकृति से कटा हुआ और व्यक्ति के रूप में समूह की भीड़ में अलग हुआ सा महसूस करता है। इस परिस्थिति में उसकी पहली प्रतिक्रिया प्रत्येकतावादी होता है और दूसरा समूहवादी। प्रत्येकतावादी व्यक्ति के अंग को ही ग्रहण कर पाता है जबकि समूहवादी व्यक्ति को एक अंग बना रहता है। इस तरह दोनों समग्र और सम्पूर्ण (whole) मनुष्य की अवहेलना करते हैं। ऐसी परिस्थिति में मनुष्य की समस्या का उत्तर है हम की भावना का विकास। हम उस समुदाय का अभिव्यंजक है जो व्यक्ति अपना स्वत्व (Selfhood) और उत्तरदायित्व को जानते हैं और 'मैं तू' के संबंध में समय समय पर जीवित रहते हैं। सच्चा समुदाय ऐसा आधार पर निर्मित किया जा सकता है। निष्कर्षतः हम 'मैं तू' संबंध सिद्ध व्यक्तियों का समूह है जहां व्यक्तियों की समान भूमिका के कारण 'मैं' की पृथकता के साथ साथ अन्य या समूह में एकान्विति स्थापित की जा सकती है और इस प्रकार एक (व्यक्ति) और अनेक (समाज) के विरोध का समाहार किया जा सकता है।

